बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

कार्यालय – होशंगाबाद मार्ग, भोपाल – 462 026

क्रमांक : 158 / परीक्षा / 2020 भोपाल, दिनांक : 17.03.2020

अधिसूचना (अनुस्मारक)

(परीक्षा केन्द्र व्यय ऑनलाईन भुगतान की प्रक्रिया संबंधी निर्देश सत्र 2019–20)

वि.वि.की अधिसूचना क्रमांक 16 / परीक्षा / 2020 दिनांक 17.01.2020 के द्वारा महाविद्यालयों के प्राचार्य / केन्द्राध्यक्षों को सूचित किया गया था, कि विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित किए गए परीक्षा केन्द्रों को परीक्षा संचालन हेतु प्रति परीक्षार्थी रू.100 / –(एक सौ मात्र) के अनुसार केन्द्र व्यय ऑनलाईन भुगतान किये जाने हेतु कई परीक्षा केन्द्रों द्वारा ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नहीं कराया गया है। **अतः पुनः स्मरण कराया जाता है कि ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन शीघ्र कराया जाना सुनिश्चित करे।** इस हेतु प्रक्रिया बिन्दुवार निम्नानुसार है :–

01. वि.वि. द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों को https;/isms.mponline.gov.in पोटर्ल पर पंजीयन कराना आवश्यक होगा जिसके लिए महाविद्यालय को अपने खाते का विवरण देना अनिवार्य होगा (जिस खाते में परीक्षा केन्द्र व्यय जमा होना है) संबंधित बैंक खाते की पासबुक की प्रथम पृष्ठ को अपलोड किया जाना आवश्यक है जिसमें प्राचार्य के हस्ताक्षर पद मुद्रा सहित अंकित किया गया हो।
02. उक्त पोटर्ल पर प्रथमतः विश्वविद्यालय / महाविद्यालय का चयन कर प्राथमिक जानकारी अद्यतन करना / सभी परीक्षा केन्द्र (महाविद्यालय) के लिए अनिवार्य होगा।
03. पोटर्ल पर पंजीयन कर ऑनलाईन पंजीयन शुल्क जमा कर पंजीयन पूर्ण करना होगा जो एक बार ही देय होगा, यह राशि परीक्षा केन्द्रों को परीक्षा संचालन हेतु देनी होगी। इसका समायोजन वह परीक्षा केन्द्र व्यय की राशि से कर सकेगें।
04. पंजीयन प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों के ई–मेल एवं मोबाईल नम्बर पर स्वतः isms.का यूजर ID एवं पासवर्ड प्राप्त होगा। जिसके माध्यम से वह महाविद्यालय के छात्रों की संख्या एवं प्रति छात्र प्राप्त होने वाले शुल्क का विवरण ऑनलाईन उपलब्ध होगा।
05. प्राचार्य / केन्द्राध्यक्ष को यह भी घोषणा ऑनलाईन देनी होगी कि प्रदर्शित छात्रों की संख्या सही है, मैं इसे सत्यापित करता हूँ।

(डॉ.बी.भारती)
कुलसचिव

पृ. क्रमांक 159 परीक्षा / 2020 भोपाल , दिनांक 17.03.2020.

प्रतिलिपिः–

1–आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, सतपुड़ा भवन भोपाल की ओर
2–क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक,नर्मदा पुरम, एम.एल.बी. परिसर भोपाल की ओर इस आशय के साथ प्रेषित कि संबंधितों को निर्देशित करना चाहेगें।।
3–प्राचार्य / केन्द्राध्यक्ष समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय / निर्धारित परीक्षा केन्द्र की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
4–अधिष्ठाता ,छात्र कल्याण विभाग की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5–वित्त नियंत्रक,ब.वि.वि. की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6–उपकुलसचिव गोपनीय / परीक्षा / भण्डार / अकादमी शाखा की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
7–सहायक कुलसचिव गोपनीय / परीक्षा / भण्डार / अकादमी शाखा की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
8–माननीय कुलपतिजी के सचिव के माध्यम से माननीय कुलपतिजी की ओर सादर सूचनार्थ ।
9–कुलसचिवजी के निज सहायक के माध्यम से कुलसचिवजी को सूचनार्थ ।
10–जनसम्पर्क अधिकारी / कन्ट्रोल रूम / प्रभारी मित्र कार्यालय की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
11–संपादक, दैनिक समाचार पत्रों की ओर उनके लोकप्रिय समाचार पत्र में छात्रहित में प्रकाशित किये जाने हेतु निवेदन के साथ प्रेषित ।

~~सह.~~ उपकुलसचिव (परीक्षा)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल